SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 16/01/2020

Q1. हाल ही में किसने अमेजन और फ्लिपकार्ट के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन की जांच के आदेश दिए है?

क. केंद्र सरकार

ख. निति आयोग

ग. योजना आयोग

घ. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग

प्रतिस्पर्धा नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने हाल ही में अमेजन और फ्लिपकार्ट के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन की जांच के आदेश दिए है. यह मामला प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन से जुड़ा है.

SarkariExam.Com

Q2. 5 वर्षीय आशमन तनेजा का नाम कितने घंटे तक फुल कॉन्टेक्ट नी स्ट्राइक के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है?

क. 1 घंटे

ख. 2 घंटे

ग. 3 घंटे

घ. 5 घंटे

5 वर्षीय आशमन तनेजा का नाम लगातार 1 घंटे तक फुल कॉन्टेक्ट नी स्ट्राइक के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है. आशमन तनेजा ने बिना रुके सफलतापूर्वक 1200 से अधिक नी स्ट्राइक करके सबको प्रभावित किया है.

Q3. विदेश मंत्रालय और ऑब्र्जवर रिसर्च फाउंडेशन ने रायसीना डायलॉग के कौन से संस्करण का हाल ही में संयुक्त रूप से आयोजन किया है?

क. दुसरे संस्करण

ख. तीसरे संस्करण

ग. चौथे संस्करण

घ. पांचवे संस्करण

विदेश मंत्रालय और ऑब्र्जवर रिसर्च फाउंडेशन ने हाल ही में रायसीना डायलॉग के पांचवे संस्करण का संयुक्त रूप से आयोजन किया है. इस रायसीना डायलॉग के पांचवे संस्करण में करीब 100 देशों के 700 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल होंगे.

SarkariExam.Com

Q4. एक ही दिन में रिकॉर्ड 17 हजार पेंशन पॉलिसी बेचने वाली किस अभिनेता की बेटी रितु नंदा का हाल ही में निधन हो गया है?

क. देव आनंद

ख. राजकपूर

ग. ऋषि कपूर

घ. अमित बच्चन

अभिनेता राजकपूर की बेटी रितु नंदा का हाल ही में 71 साल उम्र में निधन हो गया है. उनका नाम एक ही दिन में रिकॉर्ड 17 हजार पेंशन पॉलिसी बेचने का रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है. उन्हें लाइफ इंश्योरेंस के बिजनेस में कई अवॉर्ड और सम्मान किया गया था.

Q5. डेलॉयट फुटबॉल मनी लीग की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2018-19 में किस फुटबॉल क्लब ने सबसे ज्यादा 6637 करोड़ रुपए की कमाई की है?

क. बार्सिलोना

ख. रियाल मैड्रिड

ग. मैनचेस्टर यूनाईटेड

घ. बायर्न म्यूनिख

डेलॉयट फुटबॉल मनी लीग की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2018-19 में स्पेन का फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने सबसे ज्यादा 6637 करोड़ रुपए की कमाई की है. जो की रियाल मैड्रिड क्लब से 660 करोड़ रुपए अधिक है. वर्ष 2018-19 में रियाल ने 5,980 करोड़ रुपए की कमाई की है.

SarkariExam.Com

Q6. सरकार ने माइकल देबब्रत पात्रा को कितने वर्ष के लिए आरबीआई का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है?

क. 2 वर्ष

ख. 3 वर्ष

ग. 5 वर्ष

घ. 6 वर्ष

सरकार ने हाल ही में 3 वर्ष के लिए माइकल देबब्रत पात्रा को आरबीआई का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है. वे अभी आरबीआई के मॉनेटरी पॉलिसी डिपार्टमेंट में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और एमपीसी के सदस्य भी हैं. विरल आचार्य के इस्तीफे के बाद जुलाई 2019 से यह पद खाली था.

Q7. भारत के किस खिलाडी को को व्यक्तिगत वर्ग में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से सम्मानित किया गया है?

क. विराट कोहली

ख. रोहित शर्मा

ग. बजरंग पुनिया

घ. पीवी सिन्धु

भारत के पहलवान बजरंग पुनिया को व्यक्तिगत वर्ग में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से सम्मानित किया गया है. साथ ही महिलाओं के व्यक्तिगत वर्ग में निशानेबाज अपूर्वी चंदेला और शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से सम्मानित किया गया है.

SarkariExam.Com

Q8. जोफ्रा आर्चर के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी करने वाले न्यूजीलैंड के दर्शक के खिलाफ इंटरनेशनल और घरेलू मुकाबलों को देखने पर कितने साल बैन लगा दिया है?

क. एक साल

ख. दो साल

ग. तीन साल

घ. पांच साल

पिछले वर्ष जोफ्रा आर्चर के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी करने वाले न्यूजीलैंड के दर्शक के खिलाफ इंटरनेशनल और घरेलू मुकाबलों को देखने पर 2 साल बैन लगा दिया है. मैच के बाद सोशल मीडिया पर आर्चर ने कहा था की "यह थोड़ा तकलीफ देने वाला था मैंने अपमानजनक नस्लीय टिप्पणी सुनी".

Q9. बिहार के 2 क्रिकेटरों आशुतोष अमन और लेफ्ट आर्म स्पिनर अपूर्व आनंद को किसने सम्मानित किया गया है?

क. आईसीसी

ख. बिहार क्रिकेट बोर्ड

ग. बीसीसीआई

घ. इनमे से कोई नहीं

बीसीसीआई (BCCI) ने हाल ही में बिहार के 2 क्रिकेटरों बिहार रणजी टीम के कप्तान आशुतोष अमन को माधवराव सिंधिया सम्मान और आर्म स्पिनर अपूर्व

SarkariExam.Com

आनंद को एमए चिदम्बरम अवार्ड से सम्मानित किया है. आशुतोष अमन और अपूर्व आनंद को ट्राफी और 2.5 लाख और 1.5 लाख का चेक दिया है.

Q10. निम्न में से किस देश में पहली बार जातीय एकता को अनिवार्य करने वाला कानून बनाया गया है?

क. भारत

ख. अमेरिका

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. तिब्बत

हाल ही में तिब्बत में पहली बार जातीय एकता को अनिवार्य करने वाला कानून बनाया गया है. इस कानून में कहा गया है की तिब्बत प्राचीन काल से चीन का अभिन्न हिस्सा है और क्षेत्रीय एकीकरण को सुरक्षित रखना सभी जातीय समूहों के लोगों की संयुक्त जिम्मेदारी है.

Q11. अमेज़न कंपनी ने भारत के लघु एवं मझोले उपक्रमों को डिजिटल करने के लिए कितने करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है?

क. 2000 करोड़ रुपये

ख. 4000 करोड़ रुपये

ग. 7000 करोड़ रुपये

घ. 14000 करोड़ रुपये

SarkariExam.Com

अमेज़न कंपनी ने भारत के लघु एवं मझोले उपक्रमों को डिजिटल करने के लिए 7000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है. अमेज़न अपनी वैश्विक पहुंच के जरिये 2025 तक 10 अरब डॉलर के 'मेक इन इंडिया' उत्पादों का निर्यात करेगी.

Q12. वर्ल्ड कप 2019 में खेल भावना के लिए किस खिलाडी को आईसीसी ने "स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड" से सम्मानित करने की घोषणा की है?

क. स्टीव स्मिथ

ख. विराट कोहली

ग. रोहित शर्मा

घ. के एल राहुल

वर्ल्ड कप 2019 में खेल भावना के लिए भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली को आईसीसी ने "स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड" से सम्मानित करने की घोषणा की है. उन्होंने वर्ष 2019 के वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान प्रशंसकों को स्टीव स्मिथ को चिढ़ाने से रोका था.

Q13. लाहौर हाईकोर्ट ने विशेष अदालत को 'असंवैधानिक' करार देते हुए किसकी मौत की सजा को रद्द कर दिया है?

क. बेनजीर भुट्टो

ख. परवेज मुशर्रफ

ग. असरफ अली

घ. मोहमद इल्ज़ाद

SarkariExam.com

लाहौर हाईकोर्ट ने विशेष अदालत को 'असंवैधानिक' करार देते हुए पाकिस्तान के पूर्व सैन्य शासक जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्रफ की मौत की सजा को रद्द कर दी है. देशद्रोही करार देते हुए विशेष अदालत ने परवेज मुशर्रफ को मौत की सजा सुनाई थी.

Q14. अमेरिका के वैज्ञानिकों ने किस जीव के स्टेम सेल से वर्ल्ड का पहला लीविंग और सेल्फ हीलिंग रोबोट बनाया है?

क. भेड़

ख. मेंढ़क

ग. बकरी

घ. शेर

अमेरिका के वैज्ञानिकों ने हाल ही में अफ्रीका के पंजे वाले मेंढक के स्टेम सेल से वर्ल्ड का पहला लीविंग और सेल्फ हीलिंग रोबोट बनाया है. वैज्ञानिकों ने कहा है की एक मिलीमीटर के आकार वाला यह रोबोट मानव शरीर में आसानी से चल और तैर सकता है.

Q15. इनमे से किस एक्ट्रेस की किताब ने 17वें क्रॉसवर्ड बुक अवॉर्ड्स में पॉपुलर फिक्शन का खिताब जीता है?

क. कटरीना कैफ

ख. करीना कपूर

ग. ट्विंकल खन्ना

SarkariExam.Com

घ. माधुरी दिक्सित

एक्ट्रेस और राइटर ट्विंकल खन्ना को किताब “पायजामाज आर फॉरगिविंग” के लिए 17वें क्रॉसवर्ड बुक अवॉर्ड्स में पॉपुलर फिक्शन के अवार्ड से सम्मानित किया है. इस किताब में एक अधेड़ उम्र की महिला की कहानी है जो की नींद की परेशानी से जूझ रही है.

Q16. 17वें क्रॉसवर्ड बुक अवॉर्ड्स में कृष्णा त्रिलोक की किस संगीतकार पर लिखी गयी बायोग्राफी ने पॉपुलर बायोग्राफी का अवॉर्ड जीता है?

क. नेहा कक्कर

ख. गुरु रंधावा

ग. ए आर रहमान

घ. अमिताभ भट्टाचार्य

17वें क्रॉसवर्ड बुक अवॉर्ड्स में कृष्णा त्रिलोक की ए आर रहमान पर लिखी गयी बायोग्राफी ने पॉपुलर बायोग्राफी का अवॉर्ड जीता है. वही नॉन फिक्शन कैटेगरी में ज्यूरी अवॉर्ड शांता गोखले की किताब ‘ए लाइफ टोल्ड थ्रू द बॉडी’ ने जीता है.

Q17. सरकार ने दुर्लभ बीमारियों के एकमुश्त इलाज के लिए किस योजना के तहत 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है?

क. निष्ठां योजना

ख. गोबर धन योजना

ग. राष्ट्रीय आरोग्य निधि

SarkariExam.Com

घ. वन नेशन, वन कार्ड

भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में देश में दुर्लभ बीमारियों के एकमुश्त इलाज के लिए “राष्ट्रीय आरोग्य निधि” के तहत 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है जो लोग उपचार का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं.

Q18. नागरिकता (संशोधन) कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने वाला कौन सा राज्य देश का पहला राज्य बन गया है?

क. गुजरात

ख. पंजाब

ग. केरल

घ. झारखण्ड

नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) को हाल ही में केरल राज्य सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है. इससे पहले केरल विधानसभा सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर चुकी है.

Q19. 92वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए किस पूर्व राष्ट्रपति के प्रोडक्शन में बनी ‘अमेरिकन फैक्ट्री’ को नॉमिनेट किया गया है?

क. जॉर्ज वाशिंगटन बुश

ख. बिल क्लिंटन

ग. रोनाल्ड रागों

SarkariExam.Com

घ. बराक ओबामा

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रोडक्शन में बनी ‘अमेरिकन फैक्ट्री’ को 92वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेट किया गया है. यह फिल्म हायर ग्राउंड प्रोडक्शन्स की है जो की बराक ओबामा और मिशेल ओबामा की कंपनी है.

Q20. आईसीसी ने वर्ष 2019 के लिए आईसीसी पुरस्कारों में किसे वर्ष का सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर चुना है?

क. विराट कोहली

ख. रोहित शर्मा

ग. श्रेयस अय्यर

घ. डेविड वार्नर

भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर रोहित शर्मा को आईसीसी ने वर्ष 2019 के लिए आईसीसी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर चुना है. रोहित शर्मा ने विश्व कप-2019 के दौरान रिकॉर्ड 5 शतक लगाए है. साथ ही उन्होंने 2019 कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक 1490 रन बनाए है.

SarkariExam.Com